श्री शिव कुमार मिश्र : श्रीमान मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूँ।

THE CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1987 (INSERTION OF NEW ARTICLE 30A (Etc.)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

The question was put and the motion was adopted.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : श्रीमन्, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

THE CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1985 (TO AMEND ARTICLE 311)—Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): We shall now take up further consideration of the Bill moved by Dr. Bapu Kaldate on 13th March, 1987. Shri Bir Bhadra Pratap Singh to continue his speech.

SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH (Uttar Pradesh): Sir, last time, while speaking on this Bill, I said that the proviso provided under the Constitution was fully justifiable, was reasonable, was rational and was grounded upon substantial requirements and, therefore, I supported that proviso. So, in the general scheme, the opportunity has been rightly abridged in the proviso. Now, I will place three provisos to justify my argument and I will explain how it is justifiable.

Now, the first proviso says, "Where a person is dismissed, removed or reduced in rank on the ground of conduct that has led to his conviction on a criminal charge, etc etc.." Now, why should it be argued at all that a criminal should be allowed to continue in Government service? If that is the only rationale behind this provise then any argument to the contrary, that is, that a criminal person must be allowed to continue in Government service would be a preposterous proposition and I think Dr. Bapu Kaldate will agree with my contention that in no case should a criminal be allowed to continue in Government service and if a criminal is allowed after conviction, a second innings is provided in the general scheme of (1) and (2). Then it will take another twenty years and by the time the superannuation comes, the criminal will continue in service. Therefore, the proposition that this proviso is unreasonable is an untenable proposition. Now, Sir, I come to proviso (c) to article 311(2) which says like this:

> "where the President or the Governor as the case may be is satisfied that in the interest of security of the State it is not expedient to hold such an inquiry."

Now, the highest authority in the State—not in any way a partisan authority, because both the President and the Governor, whatever may be the mode of their appointment to their respective posts, are supposed to be Constitutional heads and impartial authorities—should be satisfied and the power vested in them requires that he is to be satisfied that in the interest of the security of the State it is not expedient to hold such an inquiry. So, I think no reasonable man in this country would question the wisdom which lies in such an authority who is the highest authority under the Constitution, who is the Constitutional authority in the State, and he does it for a limited purpose, that is, in the interest of the security of the State.

Now, I come to the most controversial part of it; that is, sub-section (b). Now, the power may be different, but the safeguard is provided in sub-section (b) itself and if some statute provides a safeguard in itself, then it is a double safeguard. Probably that was subjected to attack when Dr. Bapu Kaldate enunciated this amendment under which the authority empowered to dismiss or remove a person or

reduce him in rank is satisfied, for some reason to be recorded by that authority in writing, that it is not reasonably practicable to hold an inquiry. Now, the safeguard is provided here in the words, "for reasons to be recorded by that authority in writing". This is a sufficient safeguard because the moment the law says that for some reasons to be recorded by the authority in writing, which is dispensing with the inquiry that the inquiry should not be held, that writing becomes a subject matter in the judiciary. As I have said, wherever a statute has provided "for reasons to be recorded by the authority", that authority can do this. Then, at least that much writing by that authority (Interduption) The moment it is found that the reason recodred by the third party is not germane or is extraneous or malicious or is bad or there is any other consideration, that authority can strike it down. There are a large number of grounds provided under the law. Wherever it has been provided in various statutes that first reasons should be recorded in writing one can do this and that, that becomes the subject-matter of judicial scrutiny. Once it becomes the subject matter of judicial scrutiny, then the High Court or the Supreme Court can immediately examine whether that authority has exercised that power vested in him. There are many other grounds about the powers of the High Courts and Supreme Court. You cannot argue that proviso (b) does not contain safeguards in itself. You cannot argue that it is arbitrary, this is not a reasonable power. I think the Supreme Court was quite right in holding this view. It is not a new amendment. This is not a new proviso. If the statute in the proviso provides adequate safeguards within itself, then there is no room for any challenge to it, And that is why my contention was that a proviso with sufficient safeguards should be upheld because it is founded, it is grounded, it was given by the founding fathers of the Indian Constitution as safeguard, to improve the standard services. It will not deteriorate, it will improve their services, it will take away bad smell out of it and keep it healthy. That is why I have always supported this.

With this, I think Mr Bapu Kaldate will seriously consider this in view of the arguments advanced. I think he is subject to reason.

श्री पशुपति नाथ सुकुल (उत्तर प्रदेश : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं श्री बापू कालदाते जी के द्वारा लाए गए विधेयक का स्वागत करने के लिए खड़ा हुआ हूं । यह विधेयक जिन भावनाओं से ओत-प्रोत है वह भावनाएं आज हमारे देश के समस्त सरकारी कर्मचारियों की हैं और जो दूसरे कमचारी हैं उनकी भी हैं। राज्य कर्मचारियों के बारे में तो कम से कम मैं जानता हूं। मैं उनके अखिल भारतीय महासंघ का 13–14 साल अध्यक्ष रहा और हमारे राज्य कर्मचारी महासंघ के मांग पत्र में ये मांगें हैं तथा पिछले 20 साल से यही मांगें है। मैं अपने को उन मांगों से जोड़ता हूं और जिस भावना से विधेयक लाये हैं उस भावना से में अपने को जोड़ता हूं। यह न्याय का पहला सिद्धांत है कि बिना बचाव का अवसर दिए किसी को दंड नहीं दिया जा सकता । आपको उसे बचाव करने का अवसर देना होगा । आप दंडित करने से पहले उसे कारण बताओ नोटिस देंगे। आपको उसे चार्जशीट आरोप–पत्र देना होगा और उसकी सुनवाई करनी होगी । अगर आप ये तीन काम नहीं करते हैं, न उसे शो काज नोटिस देते हैं, न चार्ज शीट देते हैं और न उसको हीयरिंग का अवसर देते हैं और उसको नौकरी से निकाल देते हैं तो मैं समझता हूं कि इससे बड़ा अन्याय और कोई नहीं हो सकता । अभी हमारे मित्र बीरभद्र प्रताप सिंह जी कह रहे थे कि इसके कारण सेवाओं में सुधार होगा, आप क्या बात कर रहे हैं । यह जो प्रावधान है हमारे संविधान में यह गवर्नमेंट आफ इण्डिया एक्ट, 1935 से इसका समावेश किया गया है । यह कालोनियल जोरुल था उसका सिद्धांत है। जिस नौकरशाही को अपने

[श्री पशुपति नाथ शुकुल]

पूर्ण नियंत्रण में रख करके इस देश को एक्सप्लायट करना चाहते थे, देश का शोषण करना चाहते थे अंग्रेज, वह अंग्रेज इस प्रकार के नियम बनाकर चल रहे थे और आज उन्हीं नियमों का समावेश संविधान में आपने कर लिया है। आज जैसा कि इंग्लैंड में हैं कि वहां के किसी भी सिविल सवण्ट की नौकरी क्राउन के प्लीज़र पर होगी अर्थात् राजा या रानी के प्रसाद-पर्यन्त वह सेवा कर सकता है, वही सिद्धांत आपने यहां रखा है कि अगर कोई केन्द्रीय कर्मचारी है, वह राष्ट्रपति के प्रसाद-पर्यन्त काम करेगा और अगर कोई राज्य सरकार का कर्मचारी है तो वह राज्यपाल के प्रसाद-पर्यन्त काम करेगा और यह 311 अनुच्छेद का जो प्रावधान है, जिसका उल्लेख किया गया है विधेयक में, इसके द्वारा राज्यपाल या राष्ट्रपति कभी भी किसी की सेवा खतम कर सकता है और चूंकि यह संविधान में है, इसलिए इसका इण्टरप्रिटेशन सुप्रिम-कोर्ट भी करेगा हाईकोर्ट भी करेगा। जब तक यह संविधान में नियम है, यह व्यवस्था है, तब तक वह लागू होगी और लागू की जायगी। तो उच्चतम न्यायालयों का जो इण्टरप्रिटेशन है या जो जजमेन्ट है, वह आपके संविधान पर आधारित है और आपने संविधान ही ऐसा बना रखा है कि वहां पर किसी को भी आप निकाल सकते हैं, सैकड़ों कर्मचारियों की सेवाएं देश में इनके अधीन समाप्त की जा चुकी है।

महोदय, आज बीर भद्र प्रताप जी जो यह कह रहे थे कि इससे सुधार होगा। तो सन् 1935 से लेकर आज तक तो कोई सुधार नहीं हुआ बल्कि मांग आ रही है कि इसको समाप्त किया जाये, इसको हटाया जाये। बापू कालदाते जी भी मांग कर रहे हैं कि इसको हटाया जाय। आप अगर बिना किसी को बचाव का अवसर दिए सेवा जैसी महत्वपूर्ण चीज से निकालने की बात करते हैं तो मैं समझता हूं कि आप समाजवादी नहीं हैं। आज हमारा जो संविधान हमारा जो गणतंत्र है, वह सोवरन, सोशलिस्ट, सेकुलर, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक है। इसमें सोशलिज्म शब्द क्यों लाए हैं? अगर सामाजिक न्याय नहीं दे सकते तो आपको समाजवादी अपने आपको कहने का कोई हक नहीं है। ....(व्यवधान) आप मनमाने ढंग से काम कर सकें और उसको एक्सप्लायट कर सकें ताकि वह बेचारा इसी डर से कि मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जायंगी राष्ट्रपति या राज्यपाल के आदेश से और वह काम करता रहेगा तो मैं इस मामले में कहूंगा कि आप घोर असमाजवादी हैं, कालोनियल जो रुल है, उसके पिछलग्गू हैं। शेर की खाल ओढ़ लेने से गीदड़ शेर नहीं हो जाता। गीदड़ रहता है और शेर शेर रहता है। मैं कहूंगा कि दूसरी जो डेमोक्रेसी हैं, उनके नियम आपको लेने चाहिएं। इसी संबंध में मैंने सन 1983 में एक रेजुलेशन दिया था गैर-सरकारी और उस पर बहस करायी थी कि सरकारी कर्मचारियों को लोकतांत्रिक अधिकार मिलने चाहिएं, राजनीतिक अधिकार मिलने चाहिएं और उसका सारी पार्टियों ने समर्थन किया था। उस समय जो गृह मंत्री बोले थे वैंकटसुबया जी, उन्होंने कहा था कि मैं एग्री करता हूं, लेकिन आप इसे वापिस ले लीजिए, सरकार इस पर सोचेगी। तो जहां तक अपने कर्मचारियों या मजदूरों के शोषण का सवाल है, मैं कभी आपके साथ अलग नहीं हो सकता और अगर मुझे अपनी भावनाएं प्रकट करने का अवसर दिया गया तो मैं अपनी भावनाएं अवश्य प्रकट करुंगा, लेकिन यह दूसरी बात है कि व्हिप होगा तो मैं अपनी पार्टी को वोट दूंगा पार्टी का एक वफादार सैनिक होने के नाते ...(व्यवधान)...

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: (उत्तर प्रदेश) अपनी अंतरात्मा का इस्तेमाल नहीं करेंगे?

श्री पशुपति नाथ सुकुल: : अन्तरात्मा का इस्तेमाल मैं इस समय कर रहा हूं और उस समय मैं नैतिकता का इस्तेमाल करुंगा।

श्री वीरभद्र प्रताप सिंह: डबल स्टेण्डर्ड...(व्यवधान)...

श्री पशुपति नाथ मुकुल : डबल स्टेण्डर्ड तो तब होता, जब एक बात को छिपाना और बोलता कुछ। जब बोलने का अवसर देंगे तो हिमायत करुंगा। ऐसा नहीं है कि मजदूरों और कर्मचारियों की हिमायत करने के लिए केवल विरोध पक्ष के लोग बैठे हैं। यह धारणा अगर किसी की है इस देश में, तो गलत धारणा है। हमारी रुलिंग पार्टी में तामम ऐसे लोग हैं, जो सरकारी कर्मचारियों के अधिकारों के लिए लड़े हैं और मैं तो पांच साल जेल में रहा हूं।

मैं नहीं समझता कि इस सदन में बैठने वाला कोई भी सदस्य सरकारी कर्मचारी के पक्ष में पांच साल जेल में रहा हो। मैं तो कभी बदल ही नहीं सकता। मेरी धारणा नहीं बदल सकती। न ही उनका शोशण करने की मेरी इच्छा है। मैं कुछ और बन जाऊंगा तो मैं उनका शोषण करने लगूंगा ऐसी मेरी इच्छा नहीं है। इसलिए, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से और इस सदन के सदस्यों से अनुरोध करना चाहता हूं कि जहां तक यह सवाल है, जहां तक यह व्यवस्था है जैसा कि इस विधेयक में दिया गया है कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 311(2)(ख)(ग) का लोप कर दिया जाए, उसको निकाल दिया जाए, इसकी अत्यधिक आवश्यकता है। जैसा कि हमारे मित्र कह रहे थे कोई बेईमान है, कोई राष्ट्र-विरोधी है, कोई बदमाश है तो आपके पास व्यवस्था है कि अनुछेच्द 309 के अंतर्गत आप कार्यवाही कर सकते हैं, आप उस को चार्ज-शीट कर सकते हैं, उसको आप जरूरी हो तो नौकरी से निकाल सकते हैं। तो जब आपके हाथ में अधिकार है कि न्याय की परंपरा का अनुसरण करते हुए उसे दंडित कर सकें तो आप उस मार्ग से चलिए। फिर आप शार्ट-कट से जाकर उसको क्यों निकालना चाहते हैं, बिना सुनवाई का अवसर दिए क्यों निकालना चाहते हैं, संविधान में यह व्यवस्था रखना ही स्पष्ट करता है कि आपके मन में डर है। मैं इसको मानूंगा नहीं। मैं इस संविधान को, कम से कम सरकारी कर्मचारियों के प्रति जो हमारी सरकार का रवैया है, केन्द्रीय सरकार का हो या राज्य सरकारों का, तब तक उसे उचित नहीं मानता जब तक कि आप इस व्यवस्था में परिवर्तन नहीं करते। न्याय के समक्ष समुचित फैसला होने का अवसर सभी को मिलना चाहिए। उसे दंडित करने से पहले उसको कारण बताओ नोटिस मिलना चाहिए, आरोप-पत्र मिलना चाहिए, उसकी सुनवाई होनी चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो मैं नहीं समझता हूं कि आप समाजवादी हैं और मैं आपको उस ऐक्सटेंट तक समाजवादी नहीं मानता हूं चाहे कहने के लिए आप अपने आपको कार्ल मार्क्स बताएं, तो भी मैं नहीं मानूंगा।

श्रीमन्, जैसा कि मैंने कहा जो सरकारी कर्मचारी हैं वे ही इस देश का शासन तंत्र चला रहे हैं। हम और आप यहां बैठकर बातें करते हैं, हम शासन नहीं चला रहे हैं। आप आई०आर०डी०पी० का लोन भी तय कर देंगे और बाद में सवाल भी उठा देंगे कि उचित ढंग से क्यों नहीं दिया जा रहा है। ठीक से क्यों क्यों नहीं बाटा जा रहा है। तो जो ऐक्जीक्यूशन है वह ज्यादा आवश्यक है, ऐक्जीक्यूशन आप नहीं करते हैं। आप तो केवल प्लान बनाते हैं, ऐक्जीक्यूशन करता है कर्मचारी जो कि रेलेवेंट लेवल का है, लोवेस्ट लेवल का है चाहे वह पंचायत का सेवक हो, बी०एल०डब्लू या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षक हो या लेखपाल हो या पटवारी हो। इसीलिए काम वे करते हैं, वे आपके निर्णयों को कार्यरूप में परिणत करते हैं। वे अच्छा करते हैं तो आप अपनी शक्ल अच्छी देखते हैं आइने में वे खराब करते हैं तो सरकार की शक्ल खराब दिखाई देती है। मंत्रिमंडल यहां बैठकर निर्णय लेता रहे, लोकसभा या राज्य सभा में बैठकर लंबी लंबी स्पीचें दे, लेकिन केवल उसी से काम नहीं चलता। जब लोकसभा भंग हो जाती है तो क्या होता है? जब राष्ट्रपति शासन लागू हो जाता है तो क्या होता है, जब पापुलर गवर्नमेंट नहीं होती तो भी सरकार का सारा काम चलता रहता है। आप तो काम करने वाले कर्मचारियों के मालिक हैं। सरकार तो बस की मालिक है, लेकिन बस को कौन चलता है? ड्राइवर और कंडक्टर। ड्राइवर और कंडक्टर न हों तो मालिक

[श्री पशुपति नाथ सुकुल]

घर में बैठा रहेगा, बस खड़ी रहेगी। उस बस को चलाने वाला कोई नहीं होगा। इसलिए मैं कहता हूं अगर आप चाहते हैं कि आपका प्रशासन अच्छा हो, शासन अच्छा हो तो उसके लिए जिनके कंधों पर आपकी पालकी उठाई जा रही है, जिनके कंधों पर आपकी शासन की बैलगाड़ी चल रही है, उनके साथ तो न्याय करें उनका आप साथ दें। आज क्या व्यवस्था है? जो संविधान के अंतर्गत स्टेट एम्पलाई की परिभाषा है उसमें राज्य कर्मचारी भी आता है। केन्द्रीय कर्मचारी भी आता है, लोकल बाडी का कर्मचारी भी आता है, सारी सेवाओं के सारे कर्मचारी स्टेट एक्सप्लाइज की परिभाषा में आते हैं। लेकिन संविधान में एक शब्द आया है 'स्टेट एम्पलाइज' लेकिन आज मध्य प्रदेश के एम्पलाइज को कोई तनख्वाह मिल रही है, उत्तर प्रदेश के एम्पलाइज को कोई तनख्वाह मिल रही है, उड़ीसा में जाइये तो आप देखेंगे कि सबसे कम तनख्वाह मिल रही है, भत्ते सब के अलग-अलग हैं, केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी कुछ पा रहे है और राज्य सरकार के कर्मचारी कुछ पा रहे हैं और लोकल बाडी के कर्मचारी कुछ पा रहे हैं। लोकल बाडी के कर्मचारियों की तो और भी खराब हालत है। सब स्टेट एम्प्लाइज होते हुए संवैधानिक स्थिति सब की एक होते हुए भी शासन का सबसे बडा दोष यह है कि उनके वर्तनमानों में भिन्नता है, उनकी सेवा शर्तों में भिन्नता है। नतीजा यह है क्योंकि यह घनी आबादी वाला देश है इसलिए यहां पर एम्पलायमेंट जिस रफ्तार से मिलनी चाहिय उस रफ्तार से रोजगार के अवसर प्राप्त नहीं हो रहे हैं। आप उनकी व्यवस्था का फायदा उठा रहे है। वे यह समझते है कि हमारी नौकरी चली जायगी तो हम कहां से खायेंगे। आज शासन अपने कर्मचारियों का शोषण कर रहा है, उनका दोहन कर रहा है, उनके साथ अन्याय कर रहा है। हम यहां बैठ करके बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं। यह डबल स्टैण्डर्ड है। आज भी हमारे जो सरकारी कर्मचारी है वे द्वितीय श्रेणी के कर्मचारी है। उनको वोट का अधिकार है लेकिन खड़े होने का अधिकार नहीं है। सन् 1983 में इसी सदन में मैंने एक दिन की बहस इस पर कराई थी। उसमें मैंने बताया था कि किन-किन देश म सरकारी कर्मचारियों को राजनीतिक अधिकार मिले हुए हैं। वे ले सकते हैं, खड़े हो सकते हैं और अगर जीत जायें तो उनक दफ्तर से जहां पर व काम करत है, उनको अवकाश मिलेगा ताकि वे एम एल ए या एम पी क रूप में काम कर सके। उसक बाद फिर व अपनी पोस्ट पर जा सकते हैं जैसे कि डेपुटेशन पर जात है। जैसे यह सरकारी कमचारी होकर के जनता की सेवा कर रहे हैं तो क्या वह एम एल ए हो कर के जब काम करने लगेंगे तो क्या व देश की सेवा नहीं कर रहे होंगे। क्या देश की सेवा करने का हक उस कर्मचारी का नहीं है क्या वह देश का नागरिक नहीं है? जब सब नागरिक है तो नागरिकता का अधिकार बराबर सबको मिलना चाहिये। आपने अपने कर्मचारियों से यह अधिकार छीन रखा है। उन्हें द्वितीय श्रेणी का नागरिक बना रखा है। यह आज की बात नहीं है यह सन् 1945 का जो गवर्नमेंट आफ इंडिया एक्ट था उसी से संविधान में लकर रखा है। 42 वर्ष हो रहे हैं लेकिन हमारी सरकार के दृष्टिकोण में कोई परिवर्तन नहीं आया और जब तक संविधान में आप ऐसी व्यवस्था रखेंगे तब तक अदालत भी उसको निकाल नहीं सकती अदालत मजबूर है इन्टरप्रेट करने में Provision in the Constitution to be interpreted by the Courts; whether it is Supreme Court or the High Court. तो सुप्रीम कोट का जो उन्होंने हवाला दिया है यह बिल्कुल बेकार है। संविधान में है और संविधान के अनुसार सुप्रीम कोर्ट कहेगी। अब देखिये सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट। उसमें मैज्योरिटी व्यू कुछ है और माइनोरिटी व्यू कुछ है। जो इसमें कहा है : "न्यायालय के बहुमत की राय के अनुसार अनुच्छेद 310(1) में निहित प्रसाद पर्यन्त सिद्धांत (अर्थात् राष्ट्रपति/राज्यपाल के प्रसाद पर्यन्त कोई पद धारण करना...

SHR V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): How much time would you take?

SHRI P. N. SUKUL: I am at the pleasure of the Chairman.

SHRI V. GOPALSAMY: I am not saying anything; just I wanted to know.

SHRI P. N. SUKUL: I have just told you; for these very people, I have spent five years in jail. You can very well imagine.

SHRI V. GOPALSAMY: I understand your agony. Then I also know the strategy of the Government.

SHRI P. N. SUKUL: You need not.

मैं जो पढ़ रहा था फिर से पढ़ रहा हूं ।

"न्यायालय के बहुमत की राय के अनुसार अनुच्छेद 310 (1) में निहित प्रसाद पर्यन्त सिद्धांत (अर्थात् राष्ट्रपति राज्यपाल के प्रसाद पर्यन्त कोई पद धारण करना), अनुच्छेद 311 के खण्ड (1) और (2) द्वारा असैनिक कर्मचारियों को दिया गया संरक्षण और अनुच्छेद के खण्ड (2) के दूसरे परन्तुक द्वारा वापस लिया गया संरक्षण, सभी का लोक नीति के आधार पर और लोकहित में तथा लोक कल्याण के लिये संविधान में उपबंध किया गया है ।"

यह कोट किया। आपने संविधान में इन्हीं नामों से व्यवस्था की है और जो संविधान बनाया है वह लोक हित में बनाया गया है लोक कल्याण के लिये बनाया गया

3 00P.M. है। यह जो दण्डात्मक और अन्याय-पूर्ण व्यवस्था है, वह भी लोकहित में कही गई है, जब कि यह लोक हित के बिल-कुल अलग है। यह हमारे देश का दुर्भाग्य रहा कि यहां पर जब जनता पार्टी और लोक दल की सरकार आई तो उस सरकार ने भी इस बारे में नहीं सोचा । आज श्री बापू कालदाते जी यह विधेयक लाये हैं। पहले इनको सोचने का मौका ही नहीं मिला, लेकिन इनके तमाम मंत्रियों को करोड़ों रुपये कमाने का मौका मिला । हमारे कर्मचारियों के साथ क्या अन्याय हो रहा है, इस बारे में उन्होंने सोचा ही नहीं । आज हमारे देश में सरकारी कर्मचारियों को ट्रेड यूनियन के राइट्स नहीं हैं । दे आर वर्कर्स । एवरी वेज अर्नर इज ए वर्कर । जैसा मैंने शुरु में कहा, जिसको मजदूरी मिलती है, जो श्रम करता है, एक निर्धारित और निश्चित मजदूरी पाता है वह वर्कर है । लेकिन सरकारी अधिकारियों को अधिकार नहीं है । केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार के कर्मचारियों को ट्रेड यूनियन के अधिकार नहीं हैं, लोकतांत्रिक अधिकार नहीं हैं, राजनैतिक अधिकार नहीं हैं । लेकिन इन स्थितियों के बावजूद हड़तालें होती हैं। आज विचित्र बात यह है कि हड़ताल का उनको राइट न होते हुए भी हर राज्य में हड़तालें होती हैं । केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी हड़ताल करते हैं । वे इस अधिकार का प्रयोग मनमाने ढंग से करते हैं । आपको बाध्य होकर उनसे समझौता करना पड़ता है। लेकिन आप संविधान की किताब में इसको नहीं रखना चाहते हैं । इसी को ड्युएलिज्म कहते हैं । यही हमारी पोलिटी में इनहरेन्ट कंट्रेडिक्शन है । इस विरोधा-भास को और द्वन्द्व को जब तक आप दूर नहीं करेंगे तब तक प्रशासन जिस तरह का होना चाहिए वह नहीं हो सकता है । अगर हमारे कर्मचारी असंतुष्ट हैं तो जो काम हम उनसे लेना चाहते हैं वह नहीं ले सकते हैं । हमारा वेतन आयोग वेतनों में पेरिटी को न माने और जिसको ज्यादा वेतन मिलना चाहिए उसको कम मिले और जिसको कम मिलना चाहिए उसको ज्यादा मिले तो पेरिटी डिस्टर्ब हो जाएगी और जो सम्बद्ध वर्ग हैं उनमें असंतोष व्याप्त हो जाएगा । इसका परिणाम यह होगा कि कर्मचारियों में द्वेष पैदा हो जाएगा और यह द्वेष की भावना उनके कार्यों में प्रतिबिम्बित होगी । आज हमारे देश को आजाद हुए 40 वर्ष हो चुके हैं । लेकिन अभी तक हमारी कोई राष्ट्रीय वेतन नीति नहीं बनी है । चालीस वर्षों के बाद भी हम आवश्यकताओं के आधार पर न्यूनतम वेतन नहीं दे पाये हैं । बम्बई, कलकत्ता और दिल्ली आदि शहरों में नीड बेस्ट जो मिनिमम वेज होना चाहिए, वह अभी तक हम नहीं दे पाये हैं । अधिकतम

[श्री पशुपति नाथ सुकुल]

वेतन की बात में नहीं कर रहा हूं। मैं नीड वेस्ट मिनिमम की बात कर रहा हूं। अगर कर्मचारियों को वह भी नहीं मिलेगा तो फिर वे क्या करेंगे ? वे कोई पार्ट टाइम जोब करेंगे, भ्रष्टाचार करेंगे। आज हमने ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दी हैं जिनमें कर्मचारी भ्रष्टाचार करने के लिए मजबूर होते हैं। आपने एन्टी करप्शन एक्ट बनाया है। हर पार्टी करप्शन हटाने की बात करती है। लेकिन फिर भी समाज में भ्रष्टाचार व्याप्त है। क्यों स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है ? हमारे ढांचे में कहीं न कहीं गड़बड़ी है। इसका एक कारण यह है कि हम अभी तक कालोनियल सिस्टम को बनाये हुए हैं। जिस ढांचे को हम गालियां दिया करते थे, जिन अंग्रजों को हम गालियां दिया करते थे, हम उसी ढांचे को बनाए हुए हैं। अगर कर्मचारियों में संतोष की भावना नहीं होगी तो अपना काम अच्छे ढंग से नहीं कर सकते हैं। हमारे देश में सरकार लार्जेस्ट इम्प्लायर है। सरकार से बड़ा इम्प्लायर इस देश में कोई नहीं है। अगर सरकार अपने कर्मचारियों को न्याय नहीं देगी, उनको आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय और राजनैतिक न्याय नहीं देगी तो वह एक मोडल इम्प्लायर कैसे कही जाएगी ? तो सरकार अगर माडर्न एम्प्लायर नहीं बनती तो वह फैक्टरियों के ओनर्स से कैसे अपेक्षा करती है, मिल मिलिकों से कैसे अपेक्षा करती है कि वे माडर्न इम्प्लायर्र बने। इसके लिये सरकार को स्वयं ऐसी परिस्थितियां पैदा करनी होंगी। जब तक आप ऐसा नहीं करते तब तक आप अपने कर्मचारियों का विश्वास प्राप्त नहीं कर सकते हैं। कर्मचारी नौकरी करने के लिये काम तो कर देगा लेकिन उसका जो अपनी सरकार में विश्वास होना चाहिए, जो आस्था होनी चाहिए वह आस्था पैदा नहीं होगी। इसीलिये मैं आपसे कहता हूं और जैसे हमारे बापू कालदाते जी ने इसमें सुझाव दिया है कि संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड 2 और खंड 3 जो हैं उसको डिलिट किया जाय, इनका लोप होना चाहिए। अगर हमें किसी सरकारी कर्मचारी को दंडित करना है तो अनुच्छेद 301 के अंतर्गत नियमों के आधार पर सरकार को जाना चाहिए। जब तक आप एसा नहीं करते हैं तब तक आप अच्छे मालिक नहीं चहलायेंगे। जैसा मैंने कहा कि आप अपना एक नीड बेस्ड मिनिमम वेज निर्धारित कीजिये और अपनी एक राष्ट्रीय वतन नीति की घोषणा कीजिये और स्टेट इम्प्लाईज, राज्य सरकारी के बीच में, जिसमें केन्द्रीय कर्मचारी भी शामिल हैं, उनके वेतन मानों, भत्तों, सेवा संबधी नियमों में जो असमानताय हैं उनको आप समाप्त कीजिये। यह कहकर आप मुक्त न हों कि यह उड़ीसा सरकार का मामला है, उड़ीसा सरकार उनको देगी। देश की सरकार आप हैं, संविधान आप बनाते हैं; उड़ीसा की सरकार नहीं बनाती है। इसलिये आप संविधान में संशोधन करके इसको बदल सकते हैं। आपके बनाये हुए जो नियम हैं उन नियमों के अंदर ही उड़ीसा सरकार बाध्य है। आज जो आर्थिक विषमतायें हैं उनका एक बहुत बड़ा कारण यह भी है। तो हमारे देश की जो सरकार है, केन्द्रीय सरकार, उसका यह परम पावन कर्त्तव्य है कि वह देश में जो सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी हैं और जो राज्यों के कमचारी हैं उनके बीच में जो आर्थिक विषमतायें हैं उनको दूर करे और उनको एक स्तर पर ले जाय तभी उन्हें संविधान में समुचित आस्था होगी और तभी वह समुचित ढंग से राज्य की सेवा कर पायगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं डा० बापू कालदाते जी का जो विधेयक है इसका हार्दिक स्वागत करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Yes, Mr. Vijaya Mohan Reddy.

DR. BAPU KALDATE (Maharashtra): Sir, May I read out rule 118 which relates to withdrawal of a Bill? It reads:

> "The member in charge of a Bill may at any stage of the Bill move for leave to withdraw the Bill, and if such leave is granted, no further motion shall be made wih reference to the Bill."

Sir, I am just requesting... (*Interruptions*).

SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH: This is very dangerous.

डा० बापू कालदाते : उपसभाध्यक्ष महोदय, रूल 118 के तहत मैं कह रहा हूं । मैं सदन से यह प्रार्थना करता हूं कि वह मुझे इस विधेयक को वापस लेने की अनुमति प्रदान करें ।

... (**व्यवधान**)

SHRI P. N. SUKUL: Mr. Kaldate, you are withdrawing at the instance of Shri Gopalsamy.

... (**व्यवधान**)

श्री धूलेश्वर मीणा (राजस्थान) : आप इतना बढ़िया बिल लाये हैं, इस पर बहस करने दीजिये ।

SHRI V. GOPALSAMY: When the Government is playing such dirty tricks...

डा० बापू कालदाते : मैं उस पर नहीं जाना चाहता हूं । (**व्यवधान**)... मैं यह बात यहां पर इसलिये लाया हूं कि ये विधेयक सदन में पहले भी दो तीन घंटे तक चला और अभी भी चला है । दूसरी बात यह है कि many of the Private Members' Bills on the very same type of subject are already pending with us. (*Interruptions*).

मैं यह चाहता हूं कि इसको मुझे वापस लेने की अनुमति दी जाये । इसके ऊपर जो भी हमारे मित्र... (**व्यवधान**)

श्री पशुपति नाथ सुकुल : आप नहीं रोक सकते हैं ।

डा० बापू कालदाते : मैं चाहता हूं कि आप मुझे इसकी इजाजत दें । ... (**व्यवधान**)... आप मत दीजिये । इसके बारे में बहुत से सम्मानित सदस्यों की इच्छा है कि वे इस पर अपने विचार प्रकट करें और वे भी इसमें भाग लेना चाहते हैं । मैंने जब विधेयक पेश किया था तो मैं चाहता था कि इस मामले पर अच्छी बहस हो जैसे कि हमारे सम्मानित सदस्य सुकुल जी, हैं सभी की भावनाएं इसके उपर आ जाएगी तो हो सकता है यह सरकार पुनर्विचार कर के और खुद यह कह कर सामने आएगी कि हम इसको डिलीट करने का प्रयास करेंगे लेकिन मुझे यह लगता हैं कि आज के समय और भी कुछ मित्रों के विधेयक हैं और भी कई माननीय सदस्यों की इन में भाग लेने की इच्छा है इसलिए मैं चाहता हूं कि आज मुझे सदन इस को वापिस लेने की इजाजत दे और जो अन्य विधेयक आएगे उन पर माननीय सदस्यों को अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा सुविधा मिलेगी और वे भी विधेयक के बारे में विस्तार से चर्चा करें। इसलिए उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन से यह अनुमति मांगता हूं कि मुझे इस विधेयक को वापिस लेने की इजाजत दें ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): I have gone through Rule 118 which has been referred to by Dr. Bapu Kaldate. I have gone into the procedure also. The rule is very clear. "The member in charge of a Bill may at any stage of the Bill move for leave to withdraw the Bill..."

SHRI P. N. SUKUL: He is not withdrawing the Bill. He says for today.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): No, no, he is withdrawing.

DR. BAPU KALDATE: I am moving for leave to withdraw it. Not for today.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. Sukul, he is seeking leave of the House to withdraw the Bill. Mr. Narayanasamy, why don't you wait? Actually the rule is very clear. It is not "at any time"; it is "at any stage". Now the stage is, it is in the middle of a stage; the consideration of the Bill is in the middle of the stage. When this stage is over, the Member has got that right which is there under Rule 118. (*Interruptions*)

SHRI V. GOPALSAMY: Even during discussion he can withdraw.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Not "during" the discussion, but after the "completion" of the stage.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): Only 'after' the discussion is over.

PROF. C. LAKSHMANNA (Andhra Pradesh): What is the ruling?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): The discussion will continue.

SHRI CHITTA BASU (West Bengal): I am on a point of order.

SHRI V. GOPALSAMY: I am on a point of order. A member who has moved the Bill can withdraw it at any stage. Now here when a discussion on a Private Member's Bill is taking place, even during the discussion, he can withdraw it. "At any stage" means at any time—even during a discussion. That is why he has moved to withdraw this Bill. Mr. Vice-Chairman, Sir, why has the ruling party suddenly fielded 8 speakers this time? The reason is very simple. My Bill is the next Bill, which is about the Postal Bill. (*Interruptions*) Yes, Sir, that is the reason.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): That is not the reason, but because there are speakers who want to speak on this Bill.

SHRI V. GOPALSAMY: The Government is very touchy, the Government is very nervous.

SHRI M. M. JACOB: That is casting aspersions on the ruling party.

SHRI V. GOPALSAMY: They want to see that that is not taken up. That is why suddenly...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Please Mr. Gopalsamy, this is a Private Members' day. If any Member wants to speak on that, how does Government come into the picture? Why do you bring in the Government? If the private Members want to participate in the discussion on a Private Member's Bill, how can the Government come into the picture? "This is your private Members' time. Let us not bring the Government into this. When a thing goes on record, we will have to be careful.

SHRI V. GOPALSAMY: This is happening under the very nose of the House. They want not to take up that Bill. That is the Postal Bill which I have introduced. That will be taken up for consideration immediately after this. That is why they have fielded seven or eight speakers. Because they do not want to discuss anything about the Postal Bill. I know it. That is why....

SHRI M. M. JACOB: In that case we could have opposed it at the introduction stage itself.

SHRI V. GOPALSAMY: Government is not prepared for a discussion on the Postal Bill. They are touchy and nervous because the President has not given assent to that Bill. My Bill is the next. So suddenly they have fielded eight speakers.

SHRI SANTOSH MOHAN DEV: It should not go on record. (*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): I have already told you... (*Interruptions*)... One minute, please. If that was the intention of the Government...

SHRI V. GOPALSAMY: You can silence the voice of democracy....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Let us not read in between the lines.

(*Interruptions*)

SHRI V. GOPALSAMY: The people will teach you a lesson... (*Interruptions*)...you will be thrown into the dust-bin as in Kerala and West Bengal. The people of India will teach you a lesson... (*Interruptions*)...

THAKUR JAGATPAL SINGH (Madhya Pradesh): In the last elections we taught you a lesson. In the last General Elections you were nowhere, my friend... (*Interruptions*)...

SHRI CHITTA BASU: Mr. Vice-Chairman, Sir, the Member in charge of this particular Bill wants to move for the leave of the House to withdraw his Bill, and that is under rule 118.

SHRI P. N. SUKUL: And leave is not granted... (*Interruptions*)...

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: That stage has not yet come.

SHRI CHITTA BASU: You are bound by the rules and the rule is very specific. You have been advised that "stage" means the stage of consideration, as I understood it. Sir, if you are pleased to look into the subsequent proviso of this rule 118, the leave for withdrawal of the Bill can also be moved when the Bill is also at the second stage, that is, at the select committee stage. This is at the consideration stage. Consideration stage does not mean that during the discussion, at any point of discussion, there cannot be any withdrawal motion or closure motion. Sir, I can also move a closure motion. Do you take the plea that the consideration stage should be continued and completed and there should be a closure motion after that consideration stage of the Bill is over? It is too far extended a logic. Sir, I do not like to take much of your time. You are quite an informed person. Therefore, "stage" here does not mean, I say, the stage of consideration. "Stage" here means "at any point of time." Therefore this honourable Member has got the right to move under this rule to withdraw his Bill at any point of time, at any stage of consideration. Now, the introduction stage does not arise for the Bill. There is the consideration stage, the select committee stage and again consideration stage and, again, what you call, the third reading, is there. Do you mean to say that during the pendency of the discussion I have not got the right to move for closure? I enjoy the right to move for closure. Therefore he is also entitled to move a motion seeking leave for the withdrawal of the Bill. Under the rule you cannot prevent it. They are there not to give the consent or leave for withdrawal. It is for the House.

Sir, another point is very relevant in this context. How long will you prevent the Members of the House...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): That does not come under the point of order. ... (*Interruptions*)...

SHRI CHITTA BASU: ..... by way of majority to stall such an important Bill which is introduced by a Member? This strategy will not help you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You cannot raise it under the guise of a point of order.

SHRI CHITTA BASU: I think there is need of allowing private Members to introduce a Bill. Because you are in the majority, because you can at any stage, at any point of time, prevent the minority Members of the House, who have got the privilege of introducing a private Member's Bill, you can stall it, you can kill it. I condemn the attitude of killing a Bill of this important nature, for which the President has not given his assent.

SHRI V. GOPALSAMY: What prompted Mr. Jacob to convince all the Members to give their names? You are particular to see that my postal Bill is not taken up.

SHRI P. N. SUKUL: This Bill is equally important.

THAKUR JAGATPAL SINGH: This is a question of all-India services.

SHRI CHITTA BASU: Why are you angry? (*Interruptions*)

PROF. C. LAKSHMANNA: Mr. Vice-Chairman, Sir, the rule is...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): I have given the floor to Prof. Lakshmanna. Let there be no interruptions.

SHRI CHITTA BASU: Your Bill will be half discussed this way.

PROF. C. LAKSHMANNA: Mr. Vice-Chairman it says, "at any stage." "Any" means "all stages". Then what is a stage? The dictionary meaning, I will quote for you:

"The point reached in, or a section of life, development or any process."

SHRI V. GOPALSAMY: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): No interruptions please.

SHRI M. M. JACOB: This should be expunged from the proceedings, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): This will not go on record. Only Prof. Lakshmanna will go on record; no other Member.

PROF. C. LAKSHMANNA: I quoted from the dictionary the meaning of "stage". (*Interruptions*) Can't you even listen to this? If you do not listen to it, what can I do? I have read it from the dictionary. Do you want me to read once again? You please listen to it:

"A point reached in, or a section of, life, development and any process."

Now there is a process of discussion of this particular Bill. In this process there are three or four stages. The first stage is the introduction stage. The second stage is the discussion stage. The third stage is the acceptance or the rejection stage. The Member who has introduced the Bill, is having the right to withdraw the Bill at any one of these three stages. He may give a notice at the request of the House, or at the request of another Member he may withdraw it. Or when it is under discussion he can withdraw. After the discussion, when it is to be put to vote at the request of either the Government or of the Members or anybody, it can again be withdrawn. In this particular case the Member

*Not recorded.

is exercising his option, because all the stages are allowed, at the stage of discussion itself for the reasons best known to him. It is his prerogative to introduce. It is his prerogative to press for its withdrawal. But it is the prerogative of the House whether to accept it or not. I am not going into that. Therefore, on that basis he has been asking for the withdrawal. To say that at a stage when there is a discussion the discussion should continue, is not a valid point. Therefore, all that, Mr. Vice-Chairman, you can do is to ask the House for its opinion. And if in the opinion of the House the discussion should continue, let it continue. I am not questioning that. But you cannot deny that opportunity to the Member to exercise his right, you cannot do away with his right. The Member is having the right to introduce. The Member is having the right to press for it. The Member is having the right to ask for a discussion. This provision is important. Therefore, all that you can do is to seek the opinion of the House whether he has the permission to withdraw the Bill at this stage, at the stage of discussion or not. Therefore, I request you kindly to exercise that option and give him the right to use his own...

SHRI P. N. SUKUL: I am on a point of order. The provision in Rule 118 is very clear. You read its second proviso. It says:

"Provided further that where a Bill has originated in the House and is pending before the Council, the member in charge shall move a motion in the Council recommending to the House that the House do agree to leave being granted by the Council to withdraw the Bill and after the motion is adopted..."

That motion has not been adopted.

PROF. C. LAKSHMANNA: Nobody disputed it. Then again you have to move.

SHRI P. N. SUKUL: "After that motion is adopted by the Council and concurred in by the House, the member in charge shall move for leave to withdraw the Bill."

PROF. C. LAKSHMANNA: But it has not taken away the right.

SHRI P. N. SUKUL: Now it means that he has moved the motion. So, now it is for the House.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मान्यवर मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह हैं कि इस सदन में एक परिपाटी है कि जो प्राइवेट मैम्बर्ज बिल हैं, इनमें सत्ता पक्ष के लोग भी हो सकते हैं और विरोध पक्ष के भी लोग हो सकते हैं, लेकिन जिस वक्त हम अपने विधेयक को प्रस्तुत करते हैं उस समय सदन की एक परिपाटी हैं कि सारा सदन एक ध्वनि से उस विधेयक को प्रस्तुत करने की अनुमति देता हैं। इस लिए मेरा यह निवेदन हैं कि उसी सिद्धांत को मानते हुए जबकि डा० बापू कालदाते का यह विधेयक था और उस पर चर्चा हो रही थी तथा उन्होंने अनुमति मांगी है कि इस विधेयक को विदड्रा करने की अनुमति दी जाए तो उसी परिपाटी को मानते हुए मैं सारे सदन से अनुरोध करूंगा कि डा० बापू कालदाते का जो सुझाव हैं या इन्होंने जो विधेयक मूव किया हैं इसको विदड्रा करने के लिए सारा सदन ध्वनिमत से मंजूरी दे।

SHRI V. GOPALSAMY: Mr. Bhagat, the trouble-shooter, came here to request... not to allow...

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI ARJUN SINGH): Sir, this is too much. I think Mr. Gopalsamy, the hon. Member will also realise that he is entitled to his views, but to cast aspersion on everybody else just to support his views is not correct.

SRHI V. GOPALSAMY: Did I say any unparliamentary word?

SHRI M. M. JACOB: I appreciate what Prof. Lakshmanna has said on Rule 118. We are not against his viewpoint. He has every right to express his viewpoint and we are ready to listen to all the viewpoints. But the hon. Member himself has said about various stages. He was kind enough to read the meaning of the word 'stage'. First stage of introduction was there and he could have withdrawn it. Then there was the second stage, when you take up the Bill for consideration. That was another stage. There again it could have been withdrawn. Then there is another stage after the speeches. In between speeches and talks you cannot withdraw arbitrarily. You can withdraw even after these. There are four stages you have mentioned in the dictionary. In all the stages you are permitted to withdraw. But how can you withdraw in between a stage? It is inside the stage. So, I do not think this is a stage. So, I think it cannot be withdrawn.

PROF. C. LAKSHMANNA: Being a professor of English, I know what is meant by 'stage'.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Being a professor in English is a different from being a politician. Let us not go by the professor of English.

The hon. Members have raised a point that the Member has a right. He has a right to move for leave of the House to withdraw the Bill. There are very clear rules in the Rules of Procedure and Conduct of Business regarding the stages. If the member is free to withdraw the Bill at any time of its consideration or discussion, there are other provisions in the same Rules of Business where it is mentioned 'at any time. But here, particularly a stage is fixed—at any stage of the Bill. The stages you yourself concede—at the stage of introduction, at the stage of consideration, at the stage of rejection or acceptance. If that was the intention of the rule-makers they could have used it at any stage as was used in other clauses. The discussion will continue. It cannot be withdrawn.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to draw your attention to rule 119 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Council of States, and I quote:

> "If a motion for leave to withdraw a Bill is opposed, the Chairman may, if he thinks fit, permit the member who moves and the member who opposes the motion to make brief explanatory statements and may thereafter without further debate, put the question."

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): It is not opposed. I am only giving the ruling on the point of order. After this stage he has got still right to ask the leave of the House to withdraw. Now, Dr. G. Vijaya Mohan Reddy.

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I appreciate the spirit behind the Constitution (Amendment) Bill, 1985, brought forward by my hon. friend, Dr. Bapu Kaldate for discussion through private Members' Bill. It is a very very important Bill. I support all the objectives contained in this Bill. I suggest one amendment in article 311. Clause 2 (b) and (c) and Clause 3 may be deleted. Thank you.

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो बिल हमारे समक्ष प्रस्तुत हुआ है, इसका संबंध देश के लाखों शासकीय कर्मचारियों और अधिकारियों से है और जिस माननीय सदस्य ने इसे प्रस्तुत किया है, मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं, हार्दिक धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इन कर्मचारियों और अधिकारियों की फिक्र की, उनकी ओर उनका ध्यान गया और उनकी एक अहम महत्वपूर्ण समस्या के सम्बन्ध में यह बिल प्रस्तुत किया ।

मेरे सदन के सभी मित्र जानते हैं कि मैं स्वयं शासकीय सेवा में 18–19 वर्ष कार्यरत रहा, इसलिए यह विषय मुझे बहुत प्रिय है... (व्यवधान)...

SHRI V.. GOPALSAMY: How many speakers are there still?

AN HON. MEMBER: Twenty Members... (*interruptions*).

SHRI AJIT P. K. JOGI: I have your permission to speak now. इसलिए यह एक ऐसा विषय है, जो मुझे बहुत प्रिय है। इसके पहले कि हम इस बिल के गुण-दोषों पर विचार करें, मैं माननीय सदन का ध्यान इसकी एतिहासिक पृष्ठभूमि की ओर ले जाना चाहूंगा। जो शासकीय ढांचा आज राष्ट्र में विद्यमान हूं, वह ढांचा हमें हमारे पूर्ववर्ती शासक ब्रिटिश के द्वारा दिया गया और वह लंदन में बैठकर, हमारे देश से दूर बैठकर एक ऐसे समय में जब कि संचार के साधन बहुत दक्ष नहीं थे, तब इस राष्ट्र में राज्य करना चाहते थे, इसलिए उन्होंने जिस ढांचे की संरचना की... (व्यवधान)...

SHRI V. GOPALSAMY: Mr. Jacob is going there.

SHRI ARJUN SINGH: Now are you going to intercept our talk also?

PROF. C. LAKSHMANNA: That is only your prerogative.

SHRI ARJUN SINGH: I think that only shows his inclination.

PROF. C. LAKSHMANNA: It has already been proved.

SHRI V. GOPALSAMY: Sorry I have disturbed you.

PROF. C. LAKSHMANNA: Does not matter, he will take his own time.

SHRI AJIT P. K. JOGI: If you go on interrupting, I am bound to take longer.

इसलिए जिस ढांचे की संरचना ब्रिटिश शासकों ने इस राष्ट्र में की वह ढांचा एक ऐसा ढांचा है जिसकी तुलना का ढांचा किसी राष्ट्र में, किसी देश में देखने को नहीं मिलता। यह ऐसा ढांचा हैं जो कि बहुत मजबूत है। यह ऐसा ढांचा हैं जो अपने आप में स्वतंत्र है। यह ऐसा ढांचा हैं जो अपने आप निर्णय लेकर उनका कार्यान्वयन करने की क्षमता रखता हैं। यह ऐसा ढांचा है जिसे इस दृष्टिकोण से बनाया गया था कि उसे यदि शासन की नीतियां बता दी जाएं तो वह अपने विधेयक का प्रयोग करके उन नीतियों का कार्यान्वयन कर सकता हैं। इस उद्देश्य से एक बहुत ही मजबूत ढांचा शासन तंत्र का राष्ट्र को दिया गया और यह एक विचारणीय बात है कि विश्व के किसी भी राष्ट्र में सिविल सर्विस प्रशासन तंत्र इतना मजबूत नहीं हैं, इतना ताकतवर नहीं है। यहां तक कि इंगलैंड जिन्होंने यह ढांचा हमें बनाकर दिया उनका जो प्रशासन तंत्र है, जो नौकरशाही हैं, वह भी अपने आप में इतनी मजबूत नहीं हैं। वहां जिला स्तर पर, कलेक्टर का कोई पर्याय नहीं है। संभाग के स्तर पर कमिश्नर का कोई पर्याय नहीं हैं। इसी तरह से मजबूत और ताकतवर नौकरशाही का पर्याय इंगलैंड में भी नहीं है। अमरीका और फ्रांस और अन्य देशों के प्रशासन तंत्र की अध्ययन करें तो हम देखेंगे कि कोई भी प्रशासन तंत्र ऐसा नहीं है जो इतना मजबूत हो, जहां की नौकरशाही इतनी मजबूती से बंधी हो। इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की चर्चा करते हुए मैं कहना, चाहता हू कि जब हमें स्वतंत्रता मिली उसके बाद इस राष्ट्र में कैसी भावनाए थीं, उस पर भी हमें विचार करना चाहिए। जैसे ही आजादी मिली, हमारे नेता जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में संघर्ष किया था, जिन्होंने आजादी दिलाने के लिए मेहनत की थी, उनके सामने एक अत्यंत ही विलष्ट परिस्थिति उत्पन्न हुई जन प्रतिनिधियों का यह कहना था कि जिस ढांचे ने हमारा शोषण किया हैं, जिन लोगों ने हमें स्वतंत्रता संग्राम की अवधि में पकड़कर जेलों के सींकचों में रखा, जिन लोगों ने हम पर अत्याचार

[श्री अजीत जोगी]

किए, ऐसे ढांचे को बनाकर नहीं रखना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि यह ढांचा अपने आप में बहुत मजबूत है और यह जन प्रतिनिधियों को उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करने नहीं देगा। इसलिए इसमें आमूल परिवर्तन कर देना चाहिए। जो लोग यह बात कर रहे थे उनके समर्थन में बहुत बड़ी आवाज़ राष्ट्र में थी। जब संविधान बन रहा था, कांस्ट्रीटयूयेंट ऐसेम्बली में हमारे विद वतजन सम्मिलित होकर संविधान बन.ने पर विच.र कर रहे थे, जो उस समय वाद विवाद हुआ, वह भी बड़ा रुचिकर हैं और उनमें भी हमें दो प्रकार की भावना इस प्रशासन तंत्र के बारे में देखने को मिलती है। कुछ लोगों ने कहा कि इस प्रशासन तंत्र को बिलकुल समाप्त कर देना चाहिए क्योंकि यह प्रशासन तंत्र गुलामी का प्रतीक है, यह प्रशासन तंत्र ऐसे लोगों ने भरा हुआ है जिन्होंने आजादी से पहले सघर्ष करने वाले लोगों का विरोध किया था, उन्हें ले जाकर जेलों में भेजा था, उन्हें सजा दी थी। दूसरी ओर कुछ ऐसे लोग भी थे जो इससे सहमत नहीं थे और उनका यह कहना था कि राष्ट्र की परिस्थितियां ऐसी हैं कि उसे ऐसे ही मजबूत प्रशासन तंत्र की आवश्यकता है। बहुत अधिक वाद-विवाद के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल और डा० अम्बेदकर इन तीनों प्रमुख व्यक्तियों ने यह बात बार बार कही कि हमें देश की परिस्थितियों को देखते हुए ऐसे प्रशासन तंत्र की आवश्कता है। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय राष्ट्र ऐसी परिस्थितियों से, ऐसी स्थितियों से हो कर गुजर रहा था उसी समय हिन्दुस्तान और पाकिस्तान का बटवारा हुआ और बटवारे को लेकर देश की कानून और व्यवस्था की परिस्थितियां छिन्न-भिन्न हुई थीं, खून हुआ था, हत्याएं हुई थीं, हमले हुए थे और ऐसे समय में एक मजबूत शासनतंत्र की आवश्यकता थी। नेहरू जी, सरदार पटेल और डा० अम्बेदकर यह चाहते थे कि ऐसा प्रशासनतंत्र बना रहे। उनका यह भी कहना था कि जिन लोगों के हाथ में तब सत्ता आयी थी, जो हमारे जनप्रतिनिधि तब थे उनमें से बहुत से लोगों ने, अधिकांशतः लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी। वे आजादी की लड़ाई में भागी होने के कारण अपनी व्यक्तिगत शिक्षा की ओर, अपने आप को प्रशासन के प्रति शिक्षित करने की ओर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाये। इसलिए वे लोग बिना ऐसे प्रशासनतंत्र के इस राष्ट्र में शासन चलाने को सक्षम नहीं थे। जिन लोगों को पहले से हमारे ब्रिटिश शासकों ने इस राष्ट्र में शासन करने की जिम्मेदारी सौंपी थी उन परिस्थितियों में हमारे संविधान निर्माताओं ने, हमारे विद्वान कानूनवेत्ताओं ने मिल करके संविधान में ऐसे ही प्रशासनतंत्र को रखे जाने का प्रावधान किया था और उसी से सम्बन्धित यह अनुच्छेद 311 है जिस पर सम्मामित सदस्य डा० बापू कालदाते जी ने यह संशोधन हमारे समक्ष प्रस्तुत किया है।

जैसा मैं कह रहा था हमारे राष्ट्र के प्रशासनतंत्र में हमारी नौकरशाही अपने आप में विशिष्ट है। विश्व में कोई भी ऐसा राष्ट्र नहीं है, कोई भी ऐसा देश नहीं है जहां इस प्रकार का प्रशासनतंत्र हो। जिस प्रकार हमारे राष्ट्र में जिलों में जिलाध्यक्ष का कार्यालय होता है वैसे यूनाइटेड किंगडम में एम० पीज का, संसद सदस्यों का कार्यालय होता है। यूनाइटेड स्टेट्स में यहां तक कि जो पुलिस का तंत्र है वह भी चुने हुए लोगों के अधीन होता है। इसी प्रकार हमारे प्रशासनतंत्र और अन्य राष्ट्रों के प्रशासनतंत्रों में बहुत बड़ा अन्तर है। प्रशासनतंत्र में नौकरशाही कई सिद्धांतों के आधार पर बढ़ती आई है और उनमें से दो प्रमुख सिद्धांत जो हैं वे यह हैं–प्रिंसिपल आफ एनानिमिटी और प्रिंसिपल आफ न्यूट्रालिटी आफ सिविल सर्वेन्ट। अर्थात नौकरशाह जो है वह किसी राजनीतिक पक्ष का पक्षधार नहीं होता और दूसरी बात नौकरशाह का अपनी साक्षरता का चेहरा नहीं होता वह अपने राजनीतिक नेताओं और राजनीति में काम करने वालों के चेहरे के पीछे कार्य करता है। वे जो नीति बनाते हैं उनका क्रियान्वय

